सिंचाई तथा विद्युत मन्त्रालय उप मन्त्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) और (ख). जानकारी एकत्रित की जा रही है और इसे सभा पटल पर रख दिया जाएगा।

अनुसूचित जातियां/अनुसूचित आदिम जातियों के व्यक्तियों की आरक्षित पदों पर पदोन्नति

9238. **श्री मोलहू प्रसाद** : क्या पैट्रोलियम तथा रसायन और खान तथा धातु मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गृह-कार्य मन्त्रालय के दिनांक 11 जुलाई, 1968 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1-12-67 एस्टेबलिसमेंट (6) के प्रावधानों के अन्तर्गत उनके मंत्रालय में 15 मार्च, 1969 तक विभागवार, अनुभागवार तथा वर्गवार, अनुसूचित जातियों/अनुसूचित आदिम जातियों के कितने अधिकारियों तथा अन्य कर्मचारियों की उनके लिए आरक्षित पदों पर पदोन्नति की गई ; और

(ख) ऐसे कर्मचारियों के पदनाम क्या है और उन विभागों के नाम क्या हैं जहां वे कार्य कर रहे हैं ?

पैट्रोलियम तथा रसायन और खान तथा धातु मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री बा० रा० चव्हाण) : (क) और (ख). जहां तक मन्त्रालय का सम्बन्ध है ; उक्त आदेश के अनुबन्धों के अनुसार ऐसे किसी व्यक्ति को तरक्की देने का अवसर नहीं हुआ है। इस मंत्रालय के अधीन अन्य कार्यालयों के बारे में सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रखी जायेगी

Deposits *Vis-A-Vis* Investment of Banks

9239. SHRI BHOGENDRA JHA : Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) the total amount of deposits in all the Commercial banks of the country ;

(b) the total invested capital and deposits in the top twenty banks of the country ; and

(c) the total amount of bank money invested in foodgrains, cement, sugar, jute, tea, textiles and share markets during the last three years ?

THE DEPUTY PRIME MINISTER AND MINISTER OF FINANCE (SHRI MORARJI DESAI) : (a) Rs. 4260 crores as at the end of March, 1969.

(b) A statement giving the required information is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-1102/69.]

(c) A statement giving the advances of scheduled commercial banks against these items is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-1102/69.]

ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में इमारतों के डिजायन

9240. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उनका मन्त्रालय ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में इमारतों के डिजाइनों की पुस्तकें प्रकाशित करता है और यदि हां, तो क्या 1962 के बाद कोई ऐसी पुस्तकें प्रकाशित की गई थी ;

(ख) यदि हां, तो उनके नाम क्या हैं तथा क्या उनकी प्रतियां संसदीय पुस्तकालय को भेजी गई थीं ; और

(ग) यदि नहीं, तो 1962 के बाद बस्तियां और बंगले किस आधार पर बनाये गये थे ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री ब० सू० मूर्ति) : (क) जी, हां।

(ख) प्रकाशनों के नाम हैं :-

(1) "हैंण्डबुक आन रूरल हाउसिंग एण्ड विलेज प्लानिंग।"

(2) "ग्रामीण आवास दीपिका" "(मैनुअल आन रूरल हाउसिंग")